पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. –9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 350/2024

प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक- 12.11.20243

प्रेस नोट, जनपद आजमगढ़

पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स आजमगढ़ में क्राइम मीटिंग कर, अपराध की समीक्षा की गई तथा सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये आवश्यक दिशा- निर्देश

दिनांक 11.11.2024 की रात्रि को पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ हेमराज मीना द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स आजमगढ़ में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा गोष्ठी की गयी। मासिक अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने निम्नलिखित बिन्दुओं की समीक्षा की गयी।

➡चोरी व नकबजनी की घटनाओं पर नियंत्रण हेतु पिकेट गस्त एवं प्रभावित क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरा लगवाये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

➡चोरी व नकबजनी की घटनाओ के शत प्रतिशत अनावरण एवं संपत्ति की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया।

➡गम्भीर घटनाओं में राजपत्रित अधिकारी 24 घण्टे में घटना स्थल का निरीक्षण अवश्य करे।

➡दो सम्प्रदायों के मध्य घटित छोटी से छोटी घटना का तत्काल संज्ञान लेकर विधिक समाधान कराया जाये।

➡थाना परिसर में खडे वाहनों का अविलम्ब निस्तारण कराया जाय।

➡थाना परिसरो में नियमित रूप से साफ सफाई करायी जाये।

➡माननीय न्यायालय से समन्वय स्थापित कर मुकदमो से सम्बन्धित निर्णयिक मालों का निस्तारण कराया जाये।

➡CM डैश बोर्ड पर प्रदर्शित विभिन्न अपराध शीर्षकों पर प्रभावी कार्यवाही की जाये।

➡IGRS के प्रार्थना पत्रो का समयवद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाये।

➡थानों पर आने वाले फरियादिओं की समस्याओं का यथाशीघ्र विधिक निस्तारण कराये जाये।

➡स्थान व समय बदल- बदल कर वाहन चेकिंग करायी जाये तथा नियम विरूद्ध पाये जाने पर यथोचित कार्यवाही की जाये।

➡महिलाओं की समस्याओ को शीर्ष प्रथामिकता प्रदान करते हुये शीघ्र निस्तारित कराया जाये।

➡भ्रष्टाचार की जीरो टार्लेस निति का पालन कराया जाये। अधिक संख्या में लंबित विवेचनाओं का क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अर्दली रूम का आयोजन कर यथाशीघ्र निस्तारण कराया जाये।

➡माफियाओं के विरूद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही की जाये तथा गैंगस्टर एक्ट के अपराध से अर्जित संपत्तियों का नियमानुसार पता लगाकर जब्तिकरण की कार्यवाही की जाये।

➡टाप-टेन अपराधियों के विरूद्ध आपराधिक सक्रियता के आधार प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही की जाये।

➡रेलवे ट्रैक की सुरक्षा व्यवस्था हेतु जीआरपी व आरपीएफ से समन्वय स्थापित कर प्रभावी गस्त किया जाय।

➡नये कानुनों के प्रावधानों को लागु किये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी।

➡दुर्गा पूजा, दशहरा, दीपावली व छठ आदि त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने पर सम्बन्धित को बधाई दी गयी तथा भविष्य में इसी प्रकार से पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

➡उक्त त्यौहारों में लगे पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा ड्यूटी पूर्ण निष्ठा के साथ निष्पादन करने पर गुड इन्ट्री प्रदान की गयी।

➡उक्त गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेन्द्र लाल, सहायक पुलिस अधीक्षक अनन्त चन्द्रशेखर एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

आजमगढ़ पुलिस